करता है। मात्र 8-10ml तेल दिन में सिर्फ एक या दो बार हल्के हाथों से पीड़ित अंग पर मालिश करें।
Dr.Ortho
20% EXTRA
कलाई दर्द में सहायक आयुर्वेदिक औषधि
Helpline : 7876977777 | www.drorthooil.com | Available at all medical & general stores

भाजपा के स्थापना दिवस पर फहराया झंडा, लड्डू भी बांटे

चक्कर में पार्टी कार्यालय में हुआ आयोजन

दीपकमल चक्कर में कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता और कार्यकर्ता। संवाद

शिमला। भाजपा का स्थापना दिवस सोमवार को जिला शिमला में मनाया गया। पार्टी कार्यालय दीप कमल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें ध्वज फहराने के साथ लड्डू भी बांटे गए।

अध्यक्षता जिला अध्यक्ष केशव चौहान ने की। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेताओं ने भी भाग लिया। पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज ने बताया कि पार्टी किस तरह से आगे बढ़ी और कैसे विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने का सफर तय किया।

इस मौके पर विशेष रूप से पूर्व डिप्टी स्पीकर एवं चुराह के विधायक डॉ हंसराज, भरमौर के विधायक डॉ जनकराज भी उपस्थित रहे। डॉ. हंसराज ने बताया कि पंडित, दीनदयाल उपाध्याय,श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने आम कार्यकर्ताओं की पार्टी ने देश का नाम विश्व के अग्रिम मानचित्र पर दर्ज करवाया है। जिला अध्यक्ष केशव चौहान ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता होना हमें गौरवान्वित महसूस करवाता है।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री सत्य प्रकाश मानक, राजेंद्र जिन्ना, सुशील कमल ठाकुर, मोहित, विजय परमार, निशा, कमलेश मेहता, रचना जिन्ना, आशा शर्मा, बिट्टू पाना, कल्याण धीमान, भानु चौहान, बिलाल शाह, जिला मीडिया विभाग प्रमुख एवं प्रवक्ता वीरेंद्र शर्मा, जितेंद्र भोटका, सपना कश्यप और जिला मीडिया प्रभारी किशोर ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। ब्यूरो

घरेलू गैस सिलिंडर के लिए भटक रहे लोग, एजेंसियों के लगा रहे हैं चक्कर

बुकिंग के एक सप्ताह बाद नहीं मिल रहे सिलिंडर, ग्रामीण क्षेत्रों में 20 दिन बाद भी आपूर्ति नहीं

संवाद न्यूज एजेंसी

शिमला। राजधानी में घरेलू गैस सिलिंडरों के लिए लोगों को भटकना पड़ रहा है। इससे खाद्य आपूर्ति विभाग गैस आपूर्ति के सामान्य होने के दावों की पोल खुल रही है। हालत यह है कि शहर में बुकिंग के एक सप्ताह बाद भी लोगों को घरेलू गैस सिलिंडर नहीं मिल रहे हैं। इस वजह से उपभोक्ता गैस कंपनियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

शहर के साथ ही साथ लगते ग्रामीण क्षेत्रों में हालात और भी चिंताजनक है। यहां लोगों को बुकिंग के 20 दिन के बाद भी सिलिंडर नहीं मिल रहे हैं। इस कारण लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समय पर गैस की डिलीवरी न होने पर लोग गैस कंपनियों के चक्कर काट रहे हैं। जहां पर उन्हें आश्वासन के बाद खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों को कहना है कि पहले मिस कॉल के साथ गैस सिलिंडर बुक हो जाता था लेकिन अब मिस कॉल से गैस बुक नहीं हो रही है। इससे कई लोगों के मन में असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि गैस बुक हुई या नहीं। जिला प्रशासन बार-बार दावा कर रहा है कि शहर में गैस सिलिंडर की कोई किल्लत नहीं है और नियमित रूप से गैस सिलिंडर की आपूर्ति आ रही है। विभाग का कहना है कि सभी कंपनियों ने निर्देशों के बावजूद एसएमएस और फोन नंबर जारी किए हैं। लोग उन पर कॉल और मैसेज करके बुकिंग करवा सकते हैं।

कंपनी बोल रही बाद में मिलेगा सिलिंडर

गैस को बुक करवाए 4 दिन बीत गए हैं। कंपनी दफ्तर में फोन किया तो कह रहे हैं कि बुकिंग हो गई है लेकिन सिलिंडर की डिलीवरी में 3 से 4 दिन और लगेंगे। ऐसे में परेशानी तो हो रही है। घर में गैस खत्म होने वाली है।

-विकास, निवासी जाखू

नहीं मिला सही जवाब

बुकिंग करवाए 5 दिन बीत गए हैं लेकिन अभी तक गैस की डिलीवरी नहीं हुई है। घर में गैस खत्म होने वाला है। कब गैस सिलिंडर आएगा इसको लेकर कंपनी की ओर से कोई ठोस जवाब नहीं मिल रहा है। प्रशासन ने इसमें उचित कदम उठाना चाहिए।

-जगत सिंह, निवासी अनाडेल

ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा है दिक्कत

ग्रामीण क्षेत्रों में गैस सप्लाई को लेकर अनदेखी हो रही है। 22 मार्च को बुकिंग करवाई थी लेकिन अभी तक गैस सिलिंडर की आपूर्ति नहीं हुई। कंपनी संचालक कह रहे हैं कि बुकिंग ज्यादा हो गई है। इस वजह से ग्रामीण क्षेत्रों के लोग परेशान हैं।

-नरेंद्र, निवासी शहच

बुकिंग के बाद भी नहीं मिला सिलिंडर

17 मार्च को गैस की बुकिंग करवाई है। गैस को बुक करवाए बीस दिन हो गए हैं। इस कारण लोगों में गैस खत्म होने का डर सता रहा है। जिला प्रशासन को इसके लिए उचित कदम उठाने चाहिए ताकि लोगों को परेशानी न झेलनी पड़े।

-अनवर, निवासी शकराह, घणाहट्टी

शहर में पहले की तरह ही नियमित रूप से गैस की आपूर्ति आ रही है। लोग पैंतक में गैस बुक करवा रहे हैं। शहर में घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है। लोग पैनिक न करें और पैनिक होकर बुकिंग न करवाएं। सभी कंपनियों को बुकिंग करने के निर्देश दिए हैं। लोग प्रक्रिया के तहत बुकिंग करें बुकिंग में कोई समस्या नहीं आएगी।

-नरेंद्र धीमान, खाद्य आपूर्ति विभाग अधिकारी, शिमला

डिप्लोमा पूरा होने से पहले 60 को मिली नौकरी

शिमला। श्यामला विद्यापीठ फाउंडेशन कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट के अंतिम सेमेस्टर के सभी 60 छात्रों को डिप्लोमा पूरा होने से पहले ही जॉब ऑफर लेटर मिल गए हैं। यानी पढ़ाई खत्म होने से पहले ही सभी छात्रों की नौकरी मिल गई है। यह उपलब्धि न सिर्फ छात्रों के लिए बड़ी राहत और खुशी की बात है, बल्कि यह भी दिखाती है कि श्यामला विद्यापीठ फाउंडेशन कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट में पढ़ाई कितनी प्रैक्टिकल और कॅरियर फोकस्ड है।

अभी इन छात्रों का डिप्लोमा पूरा भी नहीं हुआ है, लेकिन अपनी मेहनत और बेहतरीन ट्रेनिंग के दम पर इन्होंने देश के नामचीन होटलों में अपनी जगह पक्की कर ली है। संस्थान अब केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि सीधे रोजगार से जुड़ रहा है। डिग्री मिलने से पहले ही ऑफर लेटर मिलना संस्थान की बढ़ती साख का प्रमाण है। श्यामला विद्यापीठ फाउंडेशन कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट के निदेशक देव ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष अंतिम सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को उनकी पढ़ाई पूरी होने से पहले ही नामी कंपनियों से ऑफर लेटर मिल गए हैं। इन छात्रों का चयन देश के सबसे प्रतिष्ठित और लग्जरी होटल ग्रुप में हुआ है। चयनित छात्रों को रेडिसन होटल, मैरियट ली मेरिडियन होटल, ताज होटल, हयात रीजेंसी,आईटीसी होटल एंड फेयर माउंट होटल मुंबई, ट्राइडेंट होटल जैसे बड़े ब्रांड्स में काम करने का मौका मिला है। (व्यावसायिक गतिविधि)

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय)

भर्ती सूचना

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (भा.रा.रा.प्रा.) मोनेटाईजेशन, अनुसंधान एवं विकास (एसआरडी) और प्रौद्योगिकी प्रेरण (टीआई) में कार्य करने के लिए संविदा आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:–

पद का नाम	पदों की संख्या*
संयुक्त सलाहकार (तकनीकी)–एसआरडी सेल	01
सहायक सलाहकार (तकनीकी)–प्रौद्योगिकी प्रेरण सेल	01

*पदों की संख्या प्राधिकरण की आवश्यकता के अनुसार बढ़ाई या घटाई जा सकती है।

2. पात्रता मानदंड और अन्य शर्तें भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट www.nhai.gov.in पर देखे जा सकते हैं।
3. आवेदन जमा करना: इच्छुक और पात्र उम्मीदवार अपने आवेदन 06.05.2026 (सायं 06:00 बजे तक) भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से केवल ऑनलाइन जमा करें।
4. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/अनुरोध/निरस्तीकरण, यदि कोई होगा तो, उसे केवल भा.रा.रा.प्रा. की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

अब 24 घंटे खुला रहेगा एचपीयू का पुस्तकालय

हिमाचल विवि की दो मंजिलों में चलेगा, पुस्तकालय में लगाई गईं हैं 150 नई कुर्सियां

संवाद न्यूज एजेंसी



शिमला। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के छात्रों के लिए बड़ी राहत की खबर है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने केंद्रीय पुस्तकालय को 24 घंटे खुला रखने का फैसला किया है। अब इसे एक मंजिल से बढ़ाकर दो मंजिलों तक कर दिया है।

इस फैसले से पुस्तकालय की बैठने की क्षमता लगभग दोगुनी हो गई है और अब एक समय में करीब 800 विद्यार्थी यहां अध्ययन कर सकेंगे। नई व्यवस्था के तहत पुस्तकालय के दो फ्लोर अब चौबीसों घंटे खुले रहेंगे।

इससे प्रतियोगी परीक्षाओं, सेमेस्टर परीक्षाओं और शोध कार्य में लगे छात्रों को रात के समय भी पढ़ाई के लिए पर्याप्त स्थान मिल सकेगा। पहले केवल एक फ्लोर पर 24 घंटे की सुविधा होने के कारण सीटों की भारी कमी रहती थी और कई छात्रों को घंटों इंतजार करना पड़ता था। छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुस्तकालय में 150 नई कुर्सियां भी जोड़ी गई हैं।

इससे न केवल बैठने की व्यवस्था बेहतर हुई है बल्कि भीड़भाड़ की समस्या में भी कमी आने की उम्मीद है। लंबे समय से छात्र संगठन और शोधार्थी लाइब्रेरी की क्षमता बढ़ाने और 24 घंटे की सुविधा को विस्तारित करने की मांग कर रहे थे।

एचपीयू का केंद्रीय पुस्तकालय प्रदेश के प्रमुख शैक्षणिक केंद्रों में से एक है जहां बड़ी संख्या में विद्यार्थी रोजाना अध्ययन के लिए पहुंचते हैं। परीक्षा सत्र के दौरान यहां सीटों की मांग काफी बढ़ जाती है जिससे कई बार छात्रों को वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ती थी।

कुलपति महावीर सिंह ने बताया कि छात्रों की बढ़ती संख्या और उनकी जरूरतों को देखते हुए यह कदम उठाया है। आने वाले समय में पुस्तकालय की अन्य सुविधाओं को भी सुदृढ़ करने पर विचार किया जा रहा है ताकि छात्रों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल सके।

सोशल मीडिया पर अभद्र मैसेज चर्चा में

सोलन। सोशल मीडिया पर निजी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर द्वारा छात्रा को व्हाट्सएप पर कथित रूप से आपत्तिजनक और अभद्र संदेश भेजने का मामला चर्चा में है। हालांकि पुलिस इस मामले में फिलहाल छात्रा आधिकारिक बयान देने से बच रही है।

छात्रा द्वारा इन संदेशों को सार्वजनिक किए जाने के बाद विश्वविद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया है। इस घटना ने संस्थान में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। संवाद

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी
उत्तर प्रदेश अधिनियमित राज्य विश्वविद्यालय
विज्ञापन संख्या-2/2026

विश्वविद्यालय में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर एवं असिस्टेंट प्रोफेसर के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते है। इण्डियन बैंक में पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से निर्धारित शुल्क जमा कर दिनांक 01-03-2026 से 15-04-2026 तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mgkvp.ac.in पर उपलब्ध समर्थ पोर्टल के लिंक https://mgkvpree.samarth.edu.in/ के द्वारा आवेदन किये जा सकते है। आवेदन के सम्बन्ध में विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

पत्रांक/Ref. कुलप0/1614A/2Xसा-I(नियाप्र)/2026 दिनांक/Date. 20 फरवरी 2026
कुलसचिव

एसजेवीएन ने लगाया रक्तदान शिविर



एसजेवीएन में शिविर में रक्तदान करते हुए। स्रोत : निगम

शिमला। एसजेवीएन के शिमला स्थित कॉरपोरेट मुख्यालय में रक्तदान शिविर लगाया गया। एसजेवीएन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक भूपेंद्र गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की पहल न केवल संगठन में संवेदना और सामाजिक दायित्व की संस्कृति को सुदृढ़ करती हैं, बल्कि स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सहयोग देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। रक्तदान शिविर का उद्घाटन अजय कुमार शर्मा निदेशक (कार्मिक) की ओर से पार्थजीत डे निदेशक (वित्त), पंकज पोरवाल मुख्य सतर्कता अधिकारी की उपस्थिति में किया गया। अजय कुमार शर्मा मौजूद रहे। ब्यूरो

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
सिंचाई कार्य मण्डल, रूद्रप्रयाग

पत्रांकः 594/सि0का0म0रू0/ ई-निविदा/ दिनांक 06.04.2026

ई-निविदा सूचना-02/अधी०अभि०/2026-27

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधीक्षण अभियंता, सिंचाई कार्य मण्डल, रुद्रप्रयाग द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेंडरिंग के माध्यम से ऑनलाइन टू-बिड सिस्टम (Two Bid System) में निविदा आमंत्रित की जाती है।
CONSTRUCTION OF DAM ACROSS RAMGANGA RIVER FOR DRINKING WATER SUPPLY OF GAIRSAIN TOWN AND ADJOINING ABADI IN DISTRICT CHAMOLI
नोटः- उपरोक्त निविदा स्वीकृति की प्रत्याशा में आमंत्रित की जा रही योजना की स्वीकृति की लागत में यदि कोई कमी होती है अथवा स्वीकृत नहीं होती है, तो निविदादाता का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।
निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनाएँ एवं निविदा-बिड प्रपत्र उत्तराखण्ड सरकार की वेबसाइट www-uketenders-gov-in पर दिनांक 08.04.2026 से ऑनलाइन उपलब्ध होंगे।
(विकास श्रीवास्तव)
अधीक्षण अभियन्ता

आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में मामला दर्ज

- दाड़लाघाट (सोलन)। दाड़लाघाट थाना में शिकायत के आधार पर फोन पर कथित रूप से अनुसूचित जाति के लोगों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के मामले में केस दर्ज किया गया है।
- शिकायतकर्ता के अनुसार 1 अप्रैल शाम करीब 6:50 बजे उन्होंने अपने गांव में चल रहे काम के संबंध में बीडीओ कार्यालय कुनिहार में कार्यरत कर्मचारी से फोन पर बातचीत की। इस दौरान कर्मचारी ने एक अन्य कर्मचारी को भी बातचीत में शामिल किया, जिन्होंने कार्य शीघ्र

H.P. Power Transmission Corporation Ltd.
(A State Govt. Undertaking)
NOTICE INVITING TENDERS (NIT)
Tender No: HPPTCL/Sr. Manager (P)/TENDERS/Chamba/2025-26/12,13 Dated: 04.04.2026

1. The Sr. Manager (Projects), HPPTCL, PIU Chamba invites Bids (Single Stage-Double Envelope Bidding Procedure) through e-Mode for:

Sr. No.	NAME OF WORK	BID SECURITY (INR)	COST OF DOCUMENT (INR)	Completion Time
1.	PROVIDING CRATE WORK AT TOWER LOCATION-21/1 OF 220KV D/C TRANSMISSION LINE MAZRA-KARIAN UNDER HPPTCL PIU CHAMBA	Rs.9264/-	Rs. 1000+180 (GST)= Rs.1180/-	90 days
2.	RESTORATION WORK AT TOWER LOCATION-51 OF 220KV D/C TRANSMISSION LINE MAZRA-KARIAN UNDER HPPTCL PIU CHAMBA	Rs.3735/-	Rs. 1000+180 (GST)= Rs.1180/-	90 days

2. The period of availability of online bid/date and time of online bid submission and date and time of opening of bids are given below.

Availability of tender in respect of above both jobs on-line for bidders		Date and time for submission of bid	Date and time of Opening of bids.
From	To		
06.04.2026	15.04.2026	06/04/2026 to 15/04/2026 upto17:00 Hrs for online submission of bids and upto 11:00 hrs	16/04/2026 pt 03:30 Hrs

यूको बैंक
भारत सरकार का उपक्रम
UCO BANK
(A Govt. of India Undertaking)
ई-नीलामी बिक्री सूचना

ई-नीलामी बिक्री सूचना
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना
ई-नीलामी की तिथि एवं समय : क्र. सं. 1 हेतु 27.04.2026 एवं क्रम सं. 2 से 3 हेतु 30.05.2026 को पूर्वा: 11.00 बजे से अप. 5.00 बजे तक (10 मिनट के असीमित स्व विस्तार सहित) ईएमडी बोली देने से पहले नीलामी समय के समाप्त होने के पहले जमा की जाएगी और संपत्ति आईडी के साथ लिंक्ड/मैप्ड की जाएगी।
चूंकि, यूको बैंक, सम्बन्धित शाखाओं के प्राधिकृत अधिकारी ने कथित सम्पत्तियों की बिक्री द्वारा बैंक की बकाया राशि की वसूली हेतु प्रस्तावित (सारकेसी) अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत "जैसे है जहाँ है आधार एवं "जैसे है जो है आधार" एवं "जो भी है जहां है आधार" एवं "बगैर रिकोर्स आधार" पर उसे बेचने के अधिकार के साथ निम्नलिखित ऋण खातों में सरकेसी अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी सूचना की निम्न सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया है। जिसकी बिक्री वेबसाइट पर उपलब्ध ई-नीलामी पोर्टलकी के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।"

क्र. सं.	शाखा/ऋणकर्ता(ओं)/गारंटर(रों) का नाम	अचल सम्पत्तियों का विवरण	मांग सूचना की तिथि / बकाया राशि (प्रत्याभूत ऋण)	सांकेतिक/भौतिक कब्जा की तिथि / संबंधित अधिकारियों का विवरण	25% जमा करने हेतु खाता सं. एवं आईएफएससी कोड	आरक्षित कीमत / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि व समय
1.	बी/ओ : पटवाणू						
	1. मैसर्स वेंडोमेट प्राइवेट लिमिटेड 2. तरविंदर कौर पत्नी तेजपाल सिंह पुत्र श्री तेजपाल सिंह सुपुत्र तारा सिंह	श्रीमती तरविंदर कौर पत्नी श्री तेजपाल सिंह के स्वामित्व में जमाबंदी के अनुसार वर्ष 2023-24 के लिए मौजा कुराड़ी, हदबस्त नंबर 394, तहसील कालका, जिला पंचकूला,हरियाणा में स्थित खाता/खतौनी संख्या 96/128,खसरा नंबर 496/107, पैमाइश1-15 बीघे भूमि की सीमा तकमाप 4/175 माप 0-0-16(बिस्वांसी) एवं खाता/खतौनी क्रमांक 97/129, खसरा क्रमांक 95(0-14) और खाता नंबर 94, खसरा नंबर 96(2-0), किता 2 माप 2-14बीघे तक 45 हिस्सा 0-1-4 कुल मिलाकर भूमि की माप 0-2 है (दो बिस्वा), ने शामिल संपत्ति भूमि वह सब भाग और पार्सल निम्नानुसार परिवद्ध: । उत्तर में: मकान संख्या 1901, दक्षिण में: खाली प्लॉट, पूर्व में: सड़क, पश्चिम में: अन्य संपत्ति। बिक्री विलेख संख्या 9290 दिनांक 07.08.1997, रजिस्ट्री कार्यालय कालका, जिला पंचकूला, हरियाणा।	22.07.2025 & 18.09.2025 Rs. 38,77,481.25	27.10.2025/ सांकेतिक 19.12.2025/ सांकेतिक प्राधिकृत अधिकारी गिरि गुप्ता Mob.:95067 19059 बीएम.: गरप्रीत सिंह, Mob. 81969 50111 E-Mail : parwan@uco.bank.in	खाता संख्या 09871030080161 आईएफएससी कोड UCBA0000987 एनईएफटी खाते का नाम यूको बैंक परवाणू	Rs. 32,83,000/- Rs. 3,28,300/- Rs. 25,000/-	27.04.2026 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 05.00 बजे (10 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार के साथ)
2.	बी/ओ पंचकूला						
	पूजा शर्मा पत्नी रोहित वत्स, रोहित वत्स पुत्र राजेश वत्स	मौजा उपसम्पदा शमशेरपुर, तहसील पांवटा साहिब, जिला सिरमौर (हि.प्र.) - 173025 में श्रीमती पूजा शर्मा पत्नी रोहित वत्स के नाम में 95-15 वर्ग मीटर माप के निर्मित क्षेत्र वाला खा./ख 624/885, खसरा सं. 1404/3, माप 08-40 वर्ग मीटर एवं खसरा सं 1948/1405/5 माप 149-35 वर्ग मीटर, किते - 2 कुल माप 157-75 वर्ग मीटर में शामिल केवल निर्मित घर/क्षेत्र के सभी जरूरी भाग।	19.09.2029 Rs. 31,87,151.31	12.12.2025/ सांकेतिक प्राधिकृत अधिकारी श्री सनंजय कुमार सिंह, Mobile : 91474-04258, शाखा प्रबंधक-वत्स तपाचिमल Mob. : 91474-04272, E-mail : puruwa@uco.bank.in	खाता संख्या 32091030080161 आईएफएससी कोड UCBA0003209 खाते का नाम: कोई ग्रहणाधिकार नहीं खाता	Rs. 33,26,000/- Rs. 3,32,600/- Rs. 25,000/-	30.05.2026 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 05.00 बजे (10 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार के साथ)
3.	बी/ओ संगाह						
	मैसर्स अर्थ सैनिक कैंटीन प्रोप. श्रीमती प्रोमिला	मौजा संगाह, तहसील रेणुका जी, जिला सिरमौर (हि.प्र.) में स्थित श्री राम नंद पुत्र श्री लायक राम के नाम में खाता/खतौनी सं. 16/33, खसरा सं. 2092/1974, 2360/1971 किता- 2 परक, भूमि के 4/6730 भाग के बिस्तार तक 00.02 बिस्वा माप तथा उस पर निर्मित भवन।	21.01.2026 Rs. 51,14,246.28	27.03.2026/ सांकेतिक प्राधिकृत अधिकारी श्री सनंजय कुमार सिंह, Mobile : 91474-04258 शाखा प्रबंधक- श्री विमला भार्गव Mob. : 91474-04233, E-mail : sangra@uco.bank.in	खाता संख्या 07631030080161 आईएफएससी कोड UCBA0000763 खाते का नाम: कोई ग्रहणाधिकार नहीं खाता	Rs. 39,38,000/- Rs. 3,93,800/- Rs. 25,000/-	30.05.2026 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 05.00 बजे (10 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार के साथ)

ई-नीलामी बिक्री की नियम एवं शर्तें : (1) बोली निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन जमा कराई जाएगी। ऑनलाईन बोलियां https://baanknet.com पर जाने द्वारा जमा कराई जा सकती है। (2) बोलियां, बोली प्रपत्र में संलग्न अनुसार पहचान दस्तावेजों की प्रति के साथ जमा कराई जाएगी। मूल पहचान दस्तावेज को मांगे जाने पर दिखाना होगा। (3) अपसेट मूल्य आरक्षित कीमत का 10 प्रतिशत प्रत्येक खाते के प्रति निर्दिष्ट खाते विवरण हेतु आटोनीएफ/एनईएफटी/मनी ट्रांसफर द्वारा ईएमडी हेतु दी जानी चाहिए अथवा ईएमडी एकमात्र बोलीदाता की स्थिति में बिंदु संख्या 6 में निर्दिष्ट वेबसाईट पर जाने द्वारा नीलामी प्रदाता के ई-वॉलेट में भी जमा कराई जा सकती है, कोई भी एक बोली सही आरक्षित कीमत से एक बोली अधिक होनी चाहिए। प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी भी एक अथवा अधिक बोलियों को स्वीकार अथवा रद्द करने का अधिकार अथवा नीलामी को स्थगित/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। (4) अपना बोलीदाता को बिक्री संचालित कर रहे प्राधिकृत अधिकारी के पास प्रत्येक खाते के प्रति निर्दिष्ट अनुसार बैंक खाते को आटोनीएफ/एनईएफटी/मनी ट्रांसफर के द्वारा बिक्री कीमत का पच्चीस प्रतिशत (25%) की जमा का तुरंत भुगतान करना होगा। अन्यथा जमा धरोहर राशि को जब्त कर लिया जाएगा एवं उसे पुनः बिक्री के लिए रखा जाएगा। (5) सफल बोलीदाता को उनके पक्ष में बिक्री सुनिश्चित होने के 15 (पंद्रह) दिनों के भीतर शेष बोली राशि जमा करानी होगी। अगर सफल बोलीदाता कथित अवधि के भीतर शेष बोली राशि जमा कराने में असफल होता है तब सफल बोलीदाता को जब्त कर लिया जाएगा तथा संपत्ति पुनः बेची जाएगी। (6) रुचुक्त बोलीदाता जिसे लागित आईडी एवं लिंक्ड/मैप्ड की जाएगी, डाटा अपलोडिंग, बोली दस्तावेज जमा कराने, प्रशिक्षण/प्रदर्शन, ऑनलाईन अंत: बोली पर नियम शर्तों इत्यादि में सहायता चाहिए वह वेबसाईट https://baanknet.com पर जा सकते हैं। हैल्पलाईन नं. +91 8291220220 हैल्पलाईन ई-मेल आईडी support.baanknet@psballance.com. संपत्तियों संबंधी बिक्री की शर्तों में पुछताछ के लिए प्राधिकृत अधिकारी अथवा शाखा प्रबंधक को संपर्क कर सकते हैं। जैसे कि प्राधिकृत अधिकारियों/शाखा प्रबंधकों का विवरण उपरोक्त प्रत्येक खाते के प्रति निर्दिष्ट है। बिक्री तय सुनिश्चित की जाएगी जब ऋणकर्ता सफल बोलीदाता को बिक्री सुनिश्चित पत्र जारी कर दे। प्राधिकृत अधिकारी के पास बैंक सांकेतिक कब्जा ले लिए हैं। ऐसी स्थिति में बैंक सफल बोलीदाता द्वारा दी गई संपत्ति राशि को बिना